# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

18 जून 2023, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सिरसा, हरियाणा में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के गौरव को आसमान तक पहुँचाने का काम किया है। बीते 9 सालों में किसी भी मुद्दे पर भारत क्या बोलता है, पुरी दुनिया यह सुनना चाहती है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल के 9 वर्ष भारत के गौरव के 9 वर्ष हैं, भारत के उत्कर्ष के 9 वर्ष हैं।**

******************

**हरियाणा के धाकड़ जवान, धाकड़ किसान और धाकड़ खिलाड़ी - ये तीनों देश की शान हैं।**

******************

**देश पर जब भी संकट आया, पंजाब-हरियाणा के वीरों ने दुश्मनों के सीने छलनी कर दिए। अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में देश को मिले मैडल में हर तीसरा खिलाड़ी हरियाणा का होता है। देश में कहीं भी अकाल पड़े तो पंजाब-हरियाणा से अनाज जाता है।**

******************

**कांग्रेस की भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार थ्री 'D' सरकार थी। थ्री डी का मतलब है - दरबारी की सरकार, दामाद की सरकार और डीलरों की सरकार। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने इन तीनों 'D' को समाप्त किया है।**

******************

**हमारे मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर पूरे हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं जबकि पहले जो मुख्यमंत्री होते थे, वे सिर्फ रोहतक के मुख्यमंत्री होते थे।**

******************

**भाजपा की डबल इंजन सरकार में हरियाणा देश का सबसे पहला किरोसिन मुक्त राज्य बना। हरियाणा देश का सबसे पहला पढ़ा-लिखा पंचायत वाला राज्य बना। देश का सबसे पहला ओडीएफ स्टेट भी हरियाणा ही बना। हरियाणा का विकास डर 2015 से 2023 तक 6 प्रतिशत से भी अधिक रही है।**

******************

**हरियाणा में हमारी सरकार में लगभग 22.5 बिलियन डॉलर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश हुआ है। 400 फॉर्च्यून कंपनियों के कार्यालय गुरुग्राम में हैं। देश की लगभग 50 प्रतिशत गाड़ियां अकेले हरियाणा में बनती हैं।**

******************

**चौधरी देवीलाल जी ने हरियाणा के विकास के लिए ढेर सारे सपने देखे थे। किसी भी राजनीतिक दल ने उन सपनों को पूरा नहीं किया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उनके सपनों को साकार किया है।**

******************

**भूपेंद्र हुड्डा बताएं कि कांग्रेस के शासन में गेहूं और धान की कितनी सरकारी खरीदी हुई? सबसे अधिक खरीददारी मोदी सरकार में हुई। 2023-24 में अब तक 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई है जबकि पिछले साल धान की लगभग 385 लाख मीट्रिक टन खरीदी हुई। मौजूदा गेहूं खरीदी लगभग 47 हजार करोड़ रुपये की हुई है।**

******************

**आदरणीय प्रधानमंत्री जी नशा मुक्त भारत के लिए कटिबद्ध हैं। हरियाणा में नशा के कारोबार को ख़त्म करने का अभियान शुरू हो गया है।**

******************

**भाजपा की मनोहर लाल खट्टर सरकार भावांतर योजना लेकर आई। हुड्डा साहब 10 साल तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे किंतु वे भावांतर जैसी योजना नहीं ला पाये। बीते 9 वर्षों में हरियाणा देश में सबसे अधिक बासमती चावल निर्यात करने वाला प्रदेश बना है।**

******************

**आज पूरी दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध और कोरोना के कारण मंदी के चपेट में हैं लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की आर्थिक नीतियों के कारण भारत में मंदी दस्तक नहीं दे पाई है। यह देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।**

******************

**आज भारत मोबाइल और स्टील उत्पादन में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया में देश को गौरव दिलाया है।**

******************

**महामहिम राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने 22 एकड़ भूमि पर लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी है। सिरसा में मेगा फ़ूड पार्क बन रहा है। सिरसा में एक नए जल उपचार सयंत्र का निर्माण किया गया है। सौर उर्जा केन्द्र भी सिरसा में बन रहे हैं।**

******************

**कांग्रेस की यूपीए सरकार ने 10 वर्षों में हरियाणा को टैक्स डिवोल्यूशन और ग्रांट इन एड के तहत कुल 40 हजार करोड़ रुपये की राशि दी थी जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसे बढ़ा कर लगभग 1.30 लाख करोड़ रुपये कर दिया है जो कांग्रेस सरकार की तुलना में तीन गुने से भी अधिक है।**

******************

**हरियाणा में 20 लाख किसानों को किसान समान निधि का लाभ मिल रहा है। जल जीवन मिशन के तहत लगभग 30 लाख लोगों के घर में नल से जल पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में आयुष्मान भारत के लाभार्थी 82 लाख हैं। लगभग 7.5 लाख शौचालय बने हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 75 हजार से ज्यादा घर बनाए गए हैं।**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रविवार को श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सिरसा, हरियाणा में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और बीते 9 साल में देश की विकास यात्रा को उपलब्धियों भरा ऐतिहासिक करार दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, प्रदेश के गृह मंत्री श्री अनिल विज, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा के भाजपा प्रभारी श्री विप्लब देब, प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल, बिजली मंत्री श्री रणजीत सिंह चौटाला, सिरसा से भाजपा सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, श्री सुभाष बराला सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, सांसद एवं विधायक उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि **हरियाणा वीरों, खिलाड़ियों एवं किसानों की भूमि है। धाकड़ जवान, धाकड़ किसान और धाकड़ खिलाड़ी - ये तीनों देश की शान हैं। देश पर जब भी संकट आया, तब-तब पंजाब और हरियाणा के वीरों ने दुश्मनों के सीने छलनी कर दिए। जब भी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में देश को मैडल मिलता है तो हर तीसरा खिलाड़ी हरियाणा का होता है।** हमारी सरकार ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ किया है। **देश में कहीं भी अकाल पड़े तो पंजाब और हरियाणा से अनाज वहां जाता है।** पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत माँ की अनन्य सेवा की है। हरियाणा की सभी सीटें मोदी जी की झोली में डाल कर उन्हें देश का प्रधानमंत्री बनाने में हरियाणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं आज हरियाणा की जनता को दिल की गहराइयों से धन्यवाद देने आया हूँ।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **2014 से पहले कांग्रेस की यूपीए सरकार में 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए। कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर था लेकिन आज विपक्ष भी श्री नरेन्द्र मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा सकता। ऐसी पारदर्शी सरकार बीते 9 वर्षों से चल रही है।** पहले आये दिन देश में आतंकी घटनाएं होती रहती थी लेकिन कांग्रेस की सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती थी। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार में भी आतंकियों ने दुस्साहस करने की कोशिश की लेकिन इस बार केंद्र में कांग्रेस की नहीं, मोदी जी की सरकार थी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर देश के जांबाज जवानों ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके दुश्मनों के डांट खट्टे कर दिए। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने बीते 9 वर्षों में देश को सुरक्षित किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के गौरव को आसमान तक ऊँचा उठाया है। बीते 9 सालों में किसी भी मुद्दे पर भारत क्या बोलता है, पुरी दुनिया यह सुनना चाहती है।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच में से हमारे प्रधानमंत्री जी देश के 20 हजार से अधिक छात्रों को सकुशल स्वदेश वापस लेकर आए। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों को नयी आशा दी है। गरीबों को करोड़ों घर दिए हैं और हर घर में बिजली, पानी, गैस, शौचालय, आयुष्मान कार्ड और मुफ्त राशन पहुंचाया है।** 220 करोड़ डोज मुफ्त वैक्सीन देकर देश के लोगों को कोरोना से सुरक्षा कवच दिया है। कांग्रेस ने कोविड के समय भी तुच्छ राजनीति की और जनता को गुमराह किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल के 9 वर्ष भारत के गौरव के 9 वर्ष हैं, भारत के उत्कर्ष के 9 वर्ष हैं। आज पूरी दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध और कोरोना के कारण मंदी के चपेट में हैं लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की आर्थिक नीतियों के कारण भारत में मंदी दस्तक नहीं दे पाई है। यह देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज भारत मोबाइल और स्टील उत्पादन में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया में देश को गौरव दिलाया है।** प्रधानमंत्री जी अभी-अभी G-7 की बैठक के लिए जापान गए थे और उसके बाद पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया गये थे। हमारे प्रधानमंत्री जी से कोई औटोग्राफ माँगता है, तो कोई मिलने से समय माँगता है तो कोई उनका पैर छूकर अभिवादन करता है। हमारे प्रधानमंत्री जी जहाँ जाते हैं, वहां मोदी-मोदी के नारे लगते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी का यह सम्मान देश के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है, सिरसा और हरियाणा के लोगों का सम्मान है।

श्री शाह ने कहा कि **हुड्डा साहब किसानों की बात करते हैं लेकिन आज मैं उन्हें चुनौती देने आया हूँ कि वे बताएं कि कांग्रेस के शासन काल में गेहूं और धान की कितनी सरकार खरीददारी हुई?** आप उसका हिसाब दीजिये। किसी ने सबसे ज्यादा गेहूं और चावल खरीदा है और सबसे ज्यादा दाम पर खरीदा है तो वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **2023-24 में अब तक लगभग 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई है जबकि पिछले साल धान की लगभग 385 लाख मीट्रिक टन खरीदी हुई। मौजूदा गेहूं खरीदी लगभग 47 हजार करोड़ रुपये की हुई है।** अब देश के हर किसान के बैंक खाते में सीधा पैसा जमा हो रहा है। बीच में कोई बिचौलिया नहीं है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश में और हरियाणा में कांग्रेस की सरकार कई वर्षों तक रही लेकिन किसी कांग्रेस सरकार ने किसानों के खाते में सालाना 6,000 रुपये नहीं भेजे। ये काम मोदी सरकार ने किया। **भाजपा की मनोहर लाल खट्टर सरकार**

**भावांतर योजना लेकर आई। हुड्डा साहब 10 साल तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे किंतु वे भावांतर जैसी योजना नहीं ला पाये।** उन्होंने फसल परिवर्तन के लिए भी कोई काम नहीं किया। **कांग्रेस की भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार थ्री 'D' सरकार थी। थ्री डी का मतलब है - दरबारी की सरकार, दामाद की सरकार और डीलरों की सरकार। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने इन तीनों 'D' को समाप्त किया है। हमारे मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर पूरे हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं जबकि पहले जो मुख्यमंत्री होते थे, वे सिर्फ रोहतक के मुख्यमंत्री होते थे। म**नोहर लाल खट्टर जी ने श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की सभी गरीब कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को जमीन पर उतारा है और पूरे हरियाणा का विकास किया है।

श्री शाह ने कहा कि **बीते 9 वर्षों में हरियाणा देश में सबसे अधिक बासमती चावल निर्यात करने वाला प्रदेश बना है। हरियाणा देश का सबसे पहला किरोसिन मुक्त राज्य बना। हरियाणा देश का सबसे पहला पढ़ा-लिखा पंचायत वाला राज्य बना। देश का सबसे पहला ओडीएफ स्टेट भी हरियाणा ही बना। हरियाणा का विकास डर 2015 से 2023 तक 6 प्रतिशत से भी अधिक रही है।** डबल इंजन की सरकार में हरियाणा में हर क्षेत्र में काम हुआ है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ह**रियाणा में हमारी सरकार में लगभग 22.5 बिलियन डॉलर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश हुआ है। 400 फॉर्च्यून कंपनियों के कार्यालय गुरुग्राम में हैं। देश की लगभग 50 प्रतिशत गाड़ियां अकेले हरियाणा में बनती हैं। चौधरी देवीलाल जी ने हरियाणा के विकास के लिए ढेर सारे सपने देखे थे। किसी भी राजनीतिक दल ने उन सपनों को पूरा नहीं किया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उनके सपनों को साकार किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **हरियाणा में नशा के कारोबार को ख़त्म करने का अभियान शुरू हो गया है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी नशा मुक्त भारत के लिए कटिबद्ध हैं।** किसानों को लगभग 15,013 करोड़ रुपये के फसल बीमा का क्लेम दिया गया है। **महामहिम राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने 22 एकड़ भूमि पर लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी है।** कई नए पुल बन रहे हैं। राजमार्ग बन रहे हैं। **सिरसा में मेगा फ़ूड पार्क बन रहा है। सिरसा में एक नए जल उपचार सयंत्र का निर्माण किया गया है। सौर उर्जा केन्द्र भी सिरसा में बन रहे हैं।** एक ही लोकसभा क्षेत्र में इतना सारा विकास हुआ है, इसका मुख्य कारण है कि यहां की सांसद सुनीता दुग्गल जी काफी एक्टिव हैं।

कांग्रेस पर हमला करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस वाले हमेशा भूपेंद्र हुड्डा जी की बात करते हैं। मैं उनसे पूछता हूँ कि जब केंद्र और राज्य, दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी, तब कांग्रेस ने हरियाणा को क्या दिया? 2004 से 2014 तक कांग्रेस की यूपीए सरकार ने हरियाणा को टैक्स डिवोल्यूशन और ग्रांट इन एड के तहत कुल 40 हजार करोड़ रुपये की राशि दी थी जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसे बढ़ा कर लगभग 1.30 लाख करोड़ रुपये कर दिया है जो कांग्रेस सरकार की तुलना में तीन गुने से भी अधिक है।**

श्री शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में लगभग 1400 किमी नेशनल हाइवे बनाए। लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की राशि से आर्थिक गलियारे की योजना लागू की। लगभग 12150 करोड़ रुपये की निधि से गुरुग्राम, पलवल सहित राज्य के नौ जिलों से गुजरने वाला एक्सप्रेस-वे बनाया। कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे का उद्‌घाटन हो चुका है। इसके साथ ही 11 हजार करोड़ रुपये की लागत से 10 लाख वाहन की प्रति वर्ष क्षमता रखने वाली मारुति का विस्तारीकरण हो रहा है। लगभग 710 बेड वाला राष्ट्रीय कैंसर इंस्टीट्यूट बनाया गया। 100 एकड़ भूमि पर श्रीकृष्ण विश्वविद्यालय बनाया गया। सोनीपत में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खोला गया। एनआईटी हरियाणा कीस्थापना की गई।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **हरियाणा में 20 लाख किसानों को पीएम किसान समान निधि का लाभ मिल रहा है। जल जीवन मिशन के तहत लगभग 30 लाख लोगों के घर में नल से जल पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में आयुष्मान भारत के लाभार्थी 82 लाख हैं। लगभग 7.5 लाख शौचालय बने हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 1.30 करोड़ लोगों**

**को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 75 हजार से ज्यादा घर बनाए गए हैं।**

श्री शाह ने कहा कि ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने धारा 370 ख़त्म किया, ट्रिपल तलाक पर बैन लगाया और अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। हरियाणा की महान जनता ने लोक सभा की सभी सीटें भाजपा की झोली में डाल कर आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री पद पर प्रतिष्ठित किया। हरियाणा की जनता ने 2024 में भी माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय कर लिया है।

*************************